RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : शनिवार 07 दिसंबर 2024 वर्ष 06 अंक 235 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

मुख्यमंत्री फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार के साथ डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी

Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

11 या 12 दिसंबर तक हो सकता है महाराष्ट्र कैबिनेट का विस्तार...

बीजेपी को मिल सकते है 20 से ज्यादा मंत्री पद

मुंबई : देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार 11 या 12 दिसंबर को होने की संभावना है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पूरी संभावना है कि अजित पवार के नेतृत्व वाली NCP वित्त विभाग और भाजपा गृह विभाग अपने पास रखेगी, जैसा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पिछली सरकार में था। शिवसेना सूत्रों की मानें तो शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना शहरी विकास मंत्रालय अपने पास रखेगी और राजस्व मंत्रालय भी उसे मिल सकता है।

इससे पहले नई सरकार में गृह विभाग अपने पास रखने को लेकर शिंदे की नाराजगी की खबरें पिछले कई दिनों से मीडिया में छाई हुई थी। उनके करीबियों के मुताबिक वे उपमुख्यमंत्री बनने को भी तैयार नहीं थे लेकिन बहुत मनाने के बाद आखिरकार वे मान गए और कल मुंबई में हुए शपथ ग्रहण समारोह में उन्होंने डीसीएम पद की शपथ ली।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र कैबिनेट में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 43 मंत्री हो सकते हैं। महायुति गठबंधन के सबसे बड़े घटक दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 21-22 मंत्री पद मिलने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार शिवसेना को 11 से 12 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को 9 से 10 मंत्री पद मिल सकते हैं।

मंत्रियों की संख्या का जल्द होगा खुलासा

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि शपथ लेने वाले मंत्रियों की संख्या पर अंतिम फैसला एक से दिन में ले लिया जाएगा। नवनिर्वाचित विधायकों को शनिवार से शुरू हो रहे विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र में प्रोटेम स्पीकर कालिदास कोलांबकर शपथ दिलाएंगे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव 9 दिसंबर यानी सोमवार को होगा, जिसके बाद नयी सरकार का विश्वास मत होगा और राज्यपाल दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से राज्य की दूसरी राजधानी नागपुर में शुरू होगा।

इससे पहले बीते रोज गुरुवार को मुंबई के आजाद मैदान में एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह के दौरान देवेंद्र फडणवीस ने राज्य के नए सीएम के तौर पर शपथ ली। इसके अलावी अजीत पवार और एकनाथ शिंदे ने उपमुख्यमंत्री की शपथ ली। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई बड़े नेता और कारोबार, फिल्म व खेल जगत की कई मशहूर हस्तियां मौजूद रही।

महाराष्ट्र / पूर्व मंत्री मधुकर पिचड का निधन... 84 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे मधुकर पिचड का शुक्रवार को नासिक के एक अस्पताल में बीमारी के चलते निधन हो गया। उन्होंने 84 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। एनसीपी नेता और उनके साथी रहे छगन भुजबल ने बताया कि पिचड को पिछले महीने ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें संक्रमण हो गया और पांच-छह दिन पहले उन्हें वेंटीलेटर पर रखा गया था। पूर्व मंत्री मधुकर पिचड 1980 से 2009 तक अहिल्यानगर जिले के अकोले विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले आदिवासी समुदाय के एक प्रमुख नेता थे। वे कई सरकारों में मंत्री रहे। शिवसेना भाजपा गठबंधन सरकार के सत्ता में आने के बाद वह विधानसभा में विपक्ष के नेता बने। 1999 में उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और शरद पवार की एनसीपी में शामिल हो गए।

72 वर्षीय महिला के घर में घुसकर किया प्रताड़ित, फिर लूट को दिया अंजाम...

आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुंबईः मीरारोड पूर्व के नयानगर पुलिस थाने की सीमा में एक बेहद चौंकाने वाली घटना घटित हुई है। जिसमें एक चोर ने खुद को इलेक्ट्रीशियन बताकर 72 वर्षीय महिला के घर में घुस कर करीब 8 घंटे तक उसकी पिटाई कर प्रताड़ित किया। इसके बाद महिला के 30-35 ग्राम वजन के कंगन छीन कर फरार हो गया। इस मामले में नयानगर पुलिस थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए क्राइम ब्रांच (यूनिट-1) के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविराज कुराड़े ने मामले की जांच शुरू कर दी। उनकी टीम वांछित अज्ञात आरोपी की तलाश में जुट गई, नतीजन घटना स्थल से मिले सबूतों और पुख्ता जानकारी के आधार पर शुक्रवार को नया नगर पुलिस थाने और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने मीरा रोड स्टेशन के पास से आरोपी मो.सलीम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नयानगर का ही रहने वाला है।

बता दें कि गिरफ्तार आरोपी तय्यबा ज्वेलर्स नामक कंपनी में सेल्समैन का कार्य करता था। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह ऑनलाइन गेमिंग में 3 लाख का कर्जदार हो गया था। कर्ज से मुक्ति के लिए ही उसने इस वारदात को अंजाम दिया था। एक कैलेंडर वितरण के दौरान उसे पता चला था कि उक्त पीड़ित वृद्धा घर में अकेले रहती है।

महाराष्ट्र में किसान परिवारों का बुरा हाल...

मराठवाड़ा क्षेत्र में इस साल 822 किसानों ने की आत्महत्या !

छत्रपति संभाजीनगरः महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के आठ जिलों में 2024 में अब तक 800 से अधिक किसानों ने आत्महत्या कर लिया है। जिनमें से 303 मामलों में मुआवजा दिया जा चुका है, जबकि 314 ऐसे मामले हैं, जिनका जांच लंबित है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संभागीय आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष जनवरी से अब तक मराठवाड़ा में 822 किसानों ने आत्महत्या की है, जिसमें बीड में सबसे अधिक 160 किसानों ने आत्महत्या की।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 822 मामलों में से 303 मामलों में 30 नवंबर तक कुल 3.03 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। वहीं, 314 मामलों में जांच लंबित है। रिपोर्ट के अनुसार, बीड के बाद मराठवाड़ा के नांदेड़ (146) में सबसे अधिक किसानों ने आत्महत्या की। उसके बाद धाराशिव (143), छत्रपति संभाजीनगर (132), जालना (76), लातूर (72), परभणी (64) और हिंगोली (29) किसानों ने आत्महत्या की।

संपादकीय...

कैसे कामयाब हो पॉश?

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल में अपने एक आदेश में सभी सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से कहा है कि वे अपने यहां यौन-प्रताड़ना निरोधक कानूनों का क्रियान्वयन करें। इससे पता चलता है कि हमारे यहां कार्यस्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने में कितनी कम रुचि ली जाती है। यह बात इसलिए भी परेशान करने वाली है कि ये आदेश संसद द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन शोषण (रोकथाम, निषेध, निवारण) अधिनियम यानी पॉश अधिनियम के 2013 में पारित होने के 10 साल से अधिक समय के बाद आया है। यह आदेश सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गत वर्ष मई में दिए गए उस बयान के बाद आया है जिसमें गोवा विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर द्वारा छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों के विरुद्ध अपील के मामले में उसने कहा था कि अधिनियम के क्रियान्वयन में गंभीर चूक हुई है। उस समय सर्वोच्च न्यायालय ने विस्तृत निर्देश जारी किए थे और केंद्र, राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों से कहा कि वे इस बात की पुष्टि करें कि क्या उनके अधीन आने वाले सभी विभागों ने जिलों में स्थानीय शिकायत समिति या आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया है, क्या उनके बारे में सूचनाओं का समुचित प्रसार किया गया है, और क्या नियमित रूप से जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं? अपने इस आदेश में न्यायालय ने इन समितियों के गठन के लिए जनवरी 2025 की समय सीमा तय की है।

महिलाओं द्वारा शिकायत दर्ज कराने के लिए शीबॉक्स पोर्टल्स बनाने की बात कहने के साथ ही न्यायालय ने कहा कि यह सब मार्च 2025 के पहले हो जाना चाहिए। सबसे बड़ी अदालत से बार-बार ऐसी घोषणा का आना यह रेखांकित करता है कि देश में महिलाओं के संरक्षण के लिए कितनी धीमी गति से काम किया जा रहा है। इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। गत वर्ष महिला पहलवानों ने अखिल भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख पर यौन उत्पीड़न के आरोपों पर प्रदर्शन किया था और उसके पश्चात हुई जांच में पाया गया कि देश की अधिकांश अधिमान्य खेल संस्थाओं में आंतरिक शिकायत समितियां नहीं हैं। इस वर्ष के आरंभ में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल की सरकार ने अस्पष्ट प्रतिक्रिया दी थी जिससे कार्य स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के प्रति उदासीनता का भाव उजागर हुआ था।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत 16.42 करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क किया...

मुंबई : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 458.24 करोड़ रुपये के संदिग्ध बिक्री बिल बनाने और 28.34 करोड़ रुपये के मूल्य वर्धित कर (वैट) का भुगतान न करने में कथित रूप से शामिल फर्जी संस्थाओं के एक समूह से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत 16.42 करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। कई आरोपी व्यक्तियों की चल-अचल संपत्ति को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कुर्क किया गया।

एजेंसी ने त्रिशूल एंटरप्राइजेज सहित कुछ फर्जी संस्थाओं के खिलाफ सांगली पुलिस द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत दर्ज मामले के आधार पर अपनी जांच शुरू की। आरोप है कि ये फर्जी संस्थाएं महाराष्ट्र भर में अलग-अलग संस्थाओं को 458.24 करोड़ रुपये के फर्जी बिक्री बिल जारी करने में शामिल थीं और उन्होंने 28.34 करोड़ रुपये का वैट नहीं चुकाया था, जिससे धारा 420 और महाराष्ट्र मूल्य वर्धित कर अधिनियम के तहत अपराध हुआ।

आईएसबी के व्यापक प्रमाणन कार्यक्रम के साथ अपने आईटी प्रोजेक्ट मैनेजमेंट करियर को बदलें आज ही जुड़ें ईडी की जांच से पता चला है कि 17 संदिग्ध संस्थाओं का उपयोग करके कथित तौर पर 919 करोड़ रुपये के फर्जी चालान बनाए गए थे, जबकि कभी भी एक भी वास्तविक बिक्री या खरीद नहीं की गई थी। ये फर्जी संस्थाएं नकली व्यक्तियों के नाम पर खोली गई थीं और कथित तौर पर आरोपी व्यक्तियों द्वारा नियंत्रित की जा रही थीं। जांच से पता चला कि सुरेश पारेख, दिनेश पारेख और सुशांत लड्ढा जैसे व्यक्ति वैट घोटाले के कथित तौर पर सरगना थे और सभी संस्थाओं और शामिल व्यक्तियों को नियंत्रित करते थे। इस तरीके से, तीनों आरोपियों ने कथित तौर पर नकली बिलों के मूल्य का दो प्रतिशत कमीशन अर्जित किया, जिसकी राशि ₹18.67 करोड़ थी, जिसे आगे वितरित किया गया। ईडी के एक अधिकारी ने कहा, ''इस तरह से अर्जित कमीशन मामले की अपराध आय है, जो नकली बिक्री बिल जारी करने के अनुसूचित अपराध से संबंधित आपराधिक गतिविधि के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुई थी।'' ईडी ने इससे पहले जून 2023 में प्रमुख आरोपियों के आवासीय परिसरों में तलाशी अभियान चलाया था।

पुणे : 23 वर्षीय आर्म रेसलर काइल कमिंग्स को जमानत... ड्रग्स मंगवाने का आरोप

मुंबई : मुंबई बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुणे के 23 वर्षीय आर्म रेसलर काइल कमिंग्स को जमानत दे दी, जिस पर बेल्जियम से प्रतिबंधित ड्रग्स मंगवाने का आरोप है। अंतरराष्ट्रीय आर्म-रेसलिंग प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके कमिंग्स को मई 2024 में दो अन्य लोगों के साथ मेथमफेटामाइन और एमडीएमए खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जिसे आमतौर पर एक्स्टसी के रूप में जाना जाता है।

यह मामला कस्टम्स की विशेष जांच और खुफिया शाखा द्वारा शुरू किया गया था, जिसने सह-आरोपी श्रवण जोशी के बारे में विशेष खुफिया जानकारी के बाद एक संदिग्ध पार्सल को रोका था। जांच करने पर, पार्सल में 230 ग्राम MDMA और 51 ग्राम मेथमफेटामाइन पाया गया। अधिकारियों ने एक डमी पार्सल का उपयोग करके एक नियंत्रित डिलीवरी ऑपरेशन स्थापित किया, जिसके कारण जोशी की गिरफ्तारी हुई जब उन्होंने पैकेज लिया। पूछताछ के दौरान, जोशी ने कमिंग्स को फंसाते हुए कहा कि उन्होंने कमिंग्स की ओर से पार्सल लिया था। एक तीसरे व्यक्ति, आर्यन हल्दांकर को भी गिरफ्तार किया गया था, हालांकि कथित अपराध में उनकी भूमिका अभी भी स्पष्ट नहीं है। तीनों पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत आरोप लगाए गए थे। कमिंग्स को पहले एक सत्र न्यायालय ने जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसमें उनकी संलिप्तता के पर्याप्त सबूत दिए गए थे। हालांकि, उनके वकील लक्ष्मी रमन ने उच्च न्यायालय के समक्ष सफलतापूर्वक तर्क दिया कि पहलवान की गिरफ्तारी प्रक्रियागत खामियों के कारण गैरकानूनी थी। रमन ने जोशी को इसी तरह के आधार पर जमानत देने वाले एक पूर्व डिवीजन बेंच के आदेश की ओर इशारा किया, जिसमें उनकी गिरफ्तारी ज्ञापन में एक दोष का उल्लेख किया गया था।

मुंबई दो भूखंड आइवरी प्रॉपर्टी ट्रस्ट ने ₹355 करोड़ में खरीदा...



मुंबई : मुंबई दो भूखंड, जिनमें से एक बेसाइड मॉल है, दक्षिण मुंबई के ताड़देव में शहर के पहले मॉल, क्रॉसरोड्स के सामने लोकप्रिय खुदरा स्थान है, को आइवरी प्रॉपर्टी ट्रस्ट ने ₹355 करोड़ में खरीदा है। डेवलपर के रहेजा कॉर्प से जुड़ा आइवरी प्रॉपर्टी ट्रस्ट, कंपनियों में शेयरहोल्डिंग खरीदने के साथ-साथ रियल एस्टेट की खरीद और बिक्री में शामिल है।

आईएसबी के व्यापक प्रमाणन कार्यक्रम के साथ अपने आईटी प्रोजेक्ट मैनेजमेंट करियर को बदलें आज ही जुड़ें रियल एस्टेट डेटा एनालिटिक्स फर्म सीआरई मैट्रिक्स के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, आइवरी प्रॉपर्टी ट्रस्ट ने एएए होल्डिंग ट्रस्ट से 1,216.29 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले बेसाइड मॉल और 1,070.24 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले पॉपुलर प्रेस बिल्डिंग को खरीदा है। संयुक्त क्षेत्रफल 2,286.53 वर्ग मीटर (या 24,612 वर्ग फीट) है।

आइवरी प्रॉपर्टी ट्रस्ट और एएए होल्डिंग ट्रस्ट के बीच यह सौदा ₹15,52,571 प्रति वर्गमीटर (या ₹1,44,239 प्रति वर्गफीट) पर तय हुआ और ₹21.30 करोड़ की स्टांप ड्यूटी चुकाई गई। वर्तमान में, दोनों संरचनाएं - बेसाइड मॉल और पॉपुलर प्रेस बिल्डिंग - एक उजाड़ रूप में हैं, क्योंकि उनके अग्रभाग हटा दिए गए हैं। जल्द ही, संरचनाओं को भी ध्वस्त कर दिया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में या तो खुदरा या वाणिज्यिक स्थान बनने की संभावना है। हालांकि, आइवरी प्रॉपर्टी ट्रस्ट और के रहेजा कॉर्प के प्रवक्ता ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। माहिम भूमि सौदा- एक अन्य भूमि सौदे में, सूचीबद्ध कंपनी सूरज एस्टेट डेवलपर्स ने ₹101 करोड़ में सेनापति बापट मार्ग, माहिम पश्चिम में 1,464 वर्गमीटर का खाली प्लॉट खरीदा है। इससे पहले, इसी कंपनी ने बगल का खाली प्लॉट खरीदा था। संयुक्त प्लॉट का आकार लगभग 3,000 वर्गमीटर है। यहां एक व्यावसायिक इमारत बनने की संभावना है।

वरिष्ठ नागरिक से 3.81 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

मुंबई : मुंबई शहर की साइबर पुलिस ने 3-4 दिसंबर को शेयर बाजार में निवेश में उच्च रिटर्न का लालच देकर एक वरिष्ठ नागरिक से 3.81 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक सतीश यादव ने एक फर्जी कंपनी खोली थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने अपने बैंक खाते से 1.50 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। यादव दिवा के बीआर नगर में रहता है, जबकि अन्य दो आरोपी विकास मौर्य और सचिन चौरसिया क्रमशः मुंब्रा और दिवा ईस्ट में रहते हैं।

आईएसबी के व्यापक प्रमाणन कार्यक्रम के साथ अपने आईटी प्रोजेक्ट मैनेजमेंट करियर को बदलें आज ही जुड़ें पुलिस के अनुसार, 76 वर्षीय शिकायतकर्ता ब्रीच कैंडी इलाके में रहता है और ऑटोमोबाइल पार्ट्स का निर्यात करता है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें शेयर बाजार में निवेश के बारे में उनके व्हाट्सएप पर एक संदेश मिला। उन्होंने संदेश में दिए गए नंबर पर संपर्क किया और जल्द

ही उन्हें स्टॉक प्लान मिलने लगे। शुरूआत में, शिकायतकर्ता ने छोटी राशि का निवेश किया और देखा कि उन्हें भारी रिटर्न मिल रहा है। इसके बाद, उसने 14 फरवरी से 28 मार्च के बीच 28 ट्रांजैक्शन किए, जिसमें 3.81 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए।

जब शिकायतकर्ता ने अपने शेयर बेचने की कोशिश की, तो ब्रोकर ने उसके कॉल का जवाब देना बंद कर दिया। जब उसे एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है, तो उसने सेंट्रल साइबर पुलिस स्टेशन से संपर्क किया और एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। जांच के बाद, पुलिस ने मई में एक एफआईआर दर्ज की। सेंट्रल साइबर पुलिस स्टेशन की पुलिस इंस्पेक्टर मौसमी पाटिल ने कहा, ''जांच के दौरान, यह पाया गया कि ठगी की गई राशि में से 1.50 करोड़ रुपये शील्ड एसोसिएट नामक शेल कंपनी के खाते में जमा किए गए थे, जिसे सतीश यादव ने स्थापित किया था। आरोपियों ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में एक खाता खोला था।'' आरोपियों को आईपीसी की धारा 419, 420, 465, 467, 468, 471, 34 और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था। उन्हें 4-5 दिसंबर को अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया।

रोजाना निकल रहा है 6200 मीट्रिक टन कचरा

मनपा का दावा, मुंबई में कम हुआ कचरा निकलने का प्रमाण

मुंबई : मनपा प्रशासन ने दावा किया है कि मुंबई से रोजाना निकलने वाले कचरे के प्रमाण में कमी आई है। मुंबई में मानसून के दौरान रोजाना 6850 मीट्रिक टन कचरा निकलता था। जिसमें अब गिरावट हुई है अब रोजाना 6200 मैट्रिक टन हुआ है। कचरा का प्रमाण कम होने को लेकर मनपा के पास कोई विशेष उपाय सामने नहीं आया है। मनपा के कचरा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मुंबई से रोजाना निकलने वाले कचरे के प्रमाण में कमी आई है। मनपा प्रशासन ने कचरे का प्रमाण कम होने को लेकर लोगों में कचरे के निपटान करने में आई जन जागरूकता बताया जा रहा है। लेकिन यह

कितना सही और जमीनी हकीकत है यह आने वाला समय बताएगा। कचरा रखने के लिए बने डम्पिंग ग्राउंड में देवनार डम्पिंग ग्राउंड की पहले क्षमता खत्म हुई है। कांजुर डम्पिंग ग्राउंड पर कचरे की पर्सेसिंग होने के कारण कुछ हद तक अभी हालात ठीक है की कचरा रखा जा सकता है। मनपा कांजुर डम्पिंग ग्राउंड पर कचरा से खाद बनाने और कचरे से बिजली बनाने का काम कर रही है। बिजली प्रोजेक्ट शुरू होने में अभी और कई साल लगेंगे, जिसके चलते डम्पिंग ग्राउंड पर भार बढ़ते ही जा रहा है। स्थानीय लोग कचरे से निकलती बदबू से परेशान होकर डम्पिंग ग्राउंड बंद करने को लेकर आंदोलन कर रहे है। मनपा डम्पिंग ग्राउंड अंबरनाथ और नवीमुंबई में जगह मिलने के बावजूद स्थानीय लोगों के विरोध के चलते डम्पिंग ग्राउंड तैयार नहीं कर पाई है।

मीरारोड : सीमेंट रेडी मिक्स दुर्घटनाग्रस्त... हादसे मे ट्रक चालक की मौत!

मीरारोड : मीरा भायंदर शहर में मेट्रो का काम चालु है। इस काम के वजह से यहां आये दिन हादसे होते रहते हैं, जिसके कारण कुछ लोगों की जान भी जा चुकी है। बुधवार देर रात को काशीमिरा स्थित अमर पैलेस हॉटेल के सामने सीमेंट रेडी मिक्स के ट्रक ड्राइवर की दुर्घटना मे मौत हो गयी, वहीं दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। घटना स्थल पर मेट्रो का काम करने वाले ठेकेदार के द्वारा गड्ढा खोद कर पानी का टैंक बनाया जा रहा था। उस जगह पर सीमेंट की भराई करते वक्त ट्रक असंतुलित होकर उस गड्ढे में गिर गया, इस घटना में ट्रक

ड्राइवर की मौत हो गई, वहीं दो अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस जगह पर एमएमआरडीए ने ठेकेदार जय कुमार कम्पनी के द्वारा मेट्रो का काम करा रही है, जहां यह हादसा हुआ है। इस हादसे के बाद मौके पर पहुंचे शिवसेना के राम भुवन शर्मा ने बताया की जिस जगह पर यह गड्ढा खोदा गया था। वहां पर ठेकेदार के द्वारा किसी भी प्रकार के सुरक्षा उपाय नहीं किया गया था। इसी एक गलती के कारण यह हादसा हुआ और ट्रक चालक की मौत हुई है।

प्याज, लहसुन की कीमतों में उछाल

नवी मुंबई : बाजार में प्याज और लहसुन की कमी के कारण थोक मंडी मे प्याज 50 रुपये प्रति किलो और लहसुन ढाई सौ रुपये प्रति किलो हो गया है। प्याज और लहसुन की आवक कम होने से एपीएमसी आलू प्याज मंडी में इसकी कमी का सामना करना पड़ रहा है। जब की खुदरा बाजार मे प्याज, आलू ओर लहसुन दोगुने भाव मे बेचे जा रहे है। इसके साथ ही हरी सब्जी की कैमतों में भी बढ़ोतरी देखने मिल रहा है। किसानों के पास से ग्रीष्मकालीन प्याज लगभग खत्म हो गया है। किसानों के पास ग्रीष्मकालीन प्याज की दो से पांच प्रतिशत की थोड़ी मात्रा बची है।

पश्चिम रेलवे पर बे टिकट यात्रियों को करनी पड़ी जेब ढीली... जुमार्ने के तौर पर वसूले गये 93.47 करोड़ रुपये

मुंबई : पश्चिम रेलवे पर सभी वैध यात्रियों को आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों, मेल/एक्सप्रेस के साथ- साथ पैसेंजर ट्रेनों और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में बिना टिकट / अनियमित यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गहन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारियों की निगरानी में अत्यधिक अनुभवी टिकट जांच टीम द्वारा अप्रैल से नवंबर के बीच कई टिकट जांच अभियान चलाए गए, जिनसे 93.47 करोड़ रुपये प्राप्त किए गए। इस राशि में मुंबई उपनगरीय खंड से प्राप्त 30.63 करोड़ रुपये भी शामिल हैं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नवंबर के दौरान बिना बुक किए सामान के मामलों सहित 2.01 लाख बिना टिकट/अनियमित यात्रियों का पता लगाकर 12.91 करोड़ रुपए की राशि वसूल की गई। इसके अलावा, नवंबर के महीने में भी पश्चिम रेलवे ने मुंबई उपनगरीय खंड पर 82 हजार मामलों का पता लगाकर 4.03 करोड़ रुपये का जुमार्ना प्राप्त किया। एसी लोकल ट्रेनों में अनधिकृत यात्रियों को रोकने के लिए नियमित औचक टिकट जांच अभियान चलाए जाते हैं। इन अभियानों के परिणामस्वरूप अप्रैल से नवंबर के दौरान लगभग 40,000 अनधिकृत यात्रियों पर जुमार्ना लगाया गया है और जुमार्ने के रूप में 131 लाख रुपए वसूल किये गए। पश्चिम रेलवे द्वारा आम जनता से हमेशा उचित और वैध टिकट के साथ यात्रा करने की अपील की गई है।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार के साथ डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी

मुंबई : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार के साथ शुक्रवार को 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर प्रख्यात समाज सुधारक और भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. बीआर अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शिवाजी पार्क में श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर, जिन्हें प्यार से बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से जाना जाता है, की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में 6 दिसंबर को प्रतिवर्ष महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जाता है। 14 अप्रैल, 1891 को जन्मे अंबेडकर एक भारतीय न्यायविद, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, जिन्होंने दलितों के प्रति सामाजिक भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाया और महिला विज्ञापन कर्मियों के अधिकारों का समर्थन किया।

एक सम्मानित नेता, विचारक और सुधारक, उन्होंने अपना जीवन समानता की वकालत करने और जाति-आधारित भेदभाव को मिटाने के लिए समर्पित कर दिया। महापरिनिर्वाण दिवस डॉ. बीआर अंबेडकर की परिवर्तनकारी विरासत को श्रद्धांजलि के रूप में बहुत महत्व रखता है। बौद्ध ग्रंथों के अनुसार, भगवान बुद्ध की मृत्यु को महापरिनिर्वाण माना जाता है, जो 'मृत्यु के बाद निर्वाण' के लिए संस्कृत शब्द है। परिनिर्वाण को समारा, कर्म और मृत्यु और जन्म के चक्र से मुक्ति माना जाता है। यह बौद्ध कैलेंडर में सबसे पवित्र दिन है। वह स्वतंत्रता के बाद भारतीय संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति के सात सदस्यों में से एक थे। 1990 में, अंबेडकर को भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया। अंबेडकर का निधन 6 दिसंबर, 1956 को दिल्ली में उनके घर पर हुआ था।

महाराष्ट्र में गौवध को लेकर एक सख्त कानून लागू करने का निर्णय

मुंबई : महाराष्ट्र। महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री के रूप में दिग्गज भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को शपथ ली। देवेंद्र फडणवीस ने शपथ लेते ही महाराष्ट्र में गौवध को लेकर एक सख्त कानून लागू करने का निर्णय लिया है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि भारत देश के महाराष्ट्र में गौवध बंद करना होगा और जो इस अपराध को करते पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मुंबई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा और एनडीए के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। देवेंद्र फडणवीस के साथ शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। महायुति के मेनिफेस्टो में पहले नंबर पर लाडली बहना योजना को स्थान दिया गया था. मेनिफेस्टो में कहा गया है कि अगर सरकार में उनकी वापसी होती है तो प्यारी बहनों को 2100 रुपए दिए जाएंगे. इसके अलावा महिला सुरक्षा के लिए पुलिस बल में 25 हजार महिलाओं की भर्ती की जाएगी।

मुंबई/ मनपा का भूखंड लेने नामी गिरामी बिल्डर आए आगे

नीलामी की समय सीमा 16 दिसंबर तक बढ़ाई

मुंबई : मनपा प्रशासन ने अपने तीन भूखंड नीलाम करने का निर्णय लिया है। मनपा भूखंड लेने के लिए मुंबई के नामी गिरामी बिल्डर आगे आए हैं। इसके बावजूद मनपा प्रशासन ने भूखंड नीलामी की समय सीमा बढ़ाते हुए 16 दिसंबर किया है। उल्लेखनीय है कि मनपा प्रशासन ने वर्ली, मालाबार हिल और फोर्ट के ऐसे तीन प्रमुख भूखंडों की नीलामी करने का निर्णय लिया है। मनपा ने अपने भूखंड नीलाम कर अपनी कमाई करने का निर्णय लिया है। मनपा इस समय मुंबई में लगभग 2 लाख से अधिक करोड़ का प्रोजेक्ट कर रही है। प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मनपा अपने भूखंड नीलाम करने का निर्णय लिया। मनपा के निर्णय में बड़े बिल्डर मनपा के भूखंड लेने सामने आये है।

मनपा ने अपने भूखंड नीलाम करने के लिए मनपा ने विधानसभा चुनाव पूर्व निविदा निकाली थी। मनपा के भूखंड लेने के लिए एल एंड टी, रुनवाल डेवलपर, गोदरेज प्रॉपर्टीज, वेलस्पन वर्ल्ड और डीबी रियल्टी सहित कई अन्य बड़ी कंपनियां आगे आई हैं। मनपा द्वारा नीलामी पूर्व पूर्व बुलाई गई बैठक में बोलीदाताओं द्वारा उठाए गए सवालों का निराकरण और मलबार हिल भूखंड की नीलामी का विरोध भी हुआ इन सब का निराकरण करने के लिए मनपा ने नीलामी की समय सीमा बढ़ाने का निणर्य लिया।

एक साल की मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़... पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

मुंबई : दुनियाभर में इंसानियत को शर्म र करने वाली कई कहानी आपने सुनी होगी. ऐसा ही एक मामला महाराष्ट्र के मुंबई से सामने आया है. मुंबई के डएट अस्पताल के पास एक साल की बच्ची से छेड़छाड़ करते हुए पकड़ा गया. इसके बाद इस आरोप में 27 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. आरोपी की पहचान मुंबई निवासी संतोष विष्णु गौतम के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि आरोपी शख्स के खिलाफ मुंबई के भोईवाड़ा पुलिस ने पोक्सो और छेड़छाड़ की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है.

बच्ची के बगल में लेट गया था आरोपी पुलिस से मिली जानकारी के मुगाबिक केईएम अस्पताल के गेट नंबर 3 के पास मौजूद थी और बच्ची सो रही थी तभी आरोपी आया और बच्ची के बगल में लेट गया. वह कथित तौर पर बच्ची को गलत तरीके से छूकर अश्लील हरकत कर रहा था. पीड़ित बच्ची की मां ने देखा और नजदीकी पुलिस स्टेशन इसकी शिकायत की. भोईवाड़ा पुलिस ने तुरंत छेड़छाड़ और ढडउरड अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया.

विशेष अभियान के तहत पकड़ा गया आरोपी

मामला दर्ज करने के बाद भोईवाड़ा पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया और आरोपी को परेल इलाके से गिरफ्तार किया. POCSO अधिनियम की धाराओं के तहत 18 साल की कम उम्र की बच्ची (नाबालिग) के साथ अशलील हरकत करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाता है. यह एक गैरजमानती अपराध माना जाता है. बता दें कि यह मामला अपने आप में अकेला मामला नहीं है. इससे पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें मासूम बच्चियों के साथ छेड़छाड़ करते हुए लोगों को पकड़ा गया और फिर उनपर मुकदमा भी चला।

भिवंडी : पति का मित्र बनकर ठगबाज ने महिला से गहने ठगे

भिवंडी : शहर के धामनकर नाका इलाके में एक महिला के साथ बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी, जिसने खुद को महिला के पति का मित्र बताया, ने विश्वास जीतकर 45 हजार रुपये के आभूषण ठग लिए। घटना 4 दिसंबर को हुई, जब पीड़िता मीना पचालकर अपने घर जा रही थी। इस दरमियान एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे 'भाभी'' नाम से संपर्क किया और खुद को उनके पति का मित्र बताया। अपनी बातों से महिला को विश्वास में लिया औत गहनों को ''सुरक्षित रखने'' के लिए कहा और महिला सर सोने के आभूषण ले लिए और मौके से फरार हो गया। जब पीड़िता ने इस बारे में अपने पति से बात की, तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

वांटेड आरोपी की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस पर पथराव...दो पुलिसकर्मी घायल, पांच गिरफ्तार 30 लोगों पर मामला दर्ज

ठाणे : बुधवार रात करीब साढ़े 9 बजे मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने एक वांटेड आरोपी को आंबिवली की ईरानी बस्ती से हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के दौरान ईरानी बस्ती के लोगों ने पुलिस टीम और उनकी गाड़ियों पर पथराव करदिया, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए।

पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर गाड़ी में ले जा रही थी, तभी अचानक ईरानी समुदाय के कई लोगों ने एकजुट होकर पुलिस पर हमला कर दिया। पथराव इतना तीव्र था कि पुलिस को मौके से खुद को बचाने और घायल कर्मियों को सुरक्षित निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

घटना के बाद आंबिवली रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बंदोबस्त तैनात किया गया। ामले की जांच के बाद पुलिस ने 5 मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि 30 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घायल पुलिसकर्मियों को प्राथमिक इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने कहा कि कानून-व्यवस्था को बाधित करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com